an>

Title: Regarding providing better health services to the People of Ratlam.

श्री कांति लाल भूरिया (रतलाम) : माननीय उपाध्यक्ष महोदय, आपको बहुत बहुत धन्यवाद। मैं आपके माध्यम से सरकार का ध्यान एक महत्वपूर्ण विषय की ओर आकर्Âि◌ात करना चाहता हूँ। यहाँ संसदीय कार्य राज्य मंत्री भी उपस्थित हैं। मेरा लोक सभा क्षेत्र मध्य प्रदेश का रतलाम जिला है और वहाँ पर 14 तारीख से 2000 मरीज़ हैजा और उल्टी-दस्त से बीमार हुए हैं। वहाँ पर राज्य सरकार द्वारा कोई व्यवस्था नहीं है। आदिवासी बहुल क्षेत्र होने के कारण मरीज़ों को लेकर कोई गुजरात जा रहा है, कोई राजस्थान जा रहा है, कोई मध्य प्रदेश के अस्पतालों में जा रहा है। वहाँ उन्हें एक्सपाइरी डेट की दवाइयाँ दी जा रही थीं। वहाँ जाकर जब लोगों ने कहा, तब जाकर दवाएँ बदलीं। यहाँ के लोगों का जीवन खतरे में पड़ा हुआ है। इस बात को लेकर भी हमने राज्य सरकार से मांग की है। उनको मुआवज़ा भी नहीं दिया जा रहा है। 24 तारीख को वहाँ जो जिला अस्पताल है, वहाँ जो महिला प्रसूति वार्ड है, उसकी छत गिरी। वहाँ 15 लोग दब गए और तीन लोगों की मृत्यु हो गई। उसी तरह से गंदा पानी पीने से तीन लोग मर गए। इसके बाद भी सरकार हाथ पर हाथ रखकर बैठी है। ...(व्यवधान) सभापति जी, इतने समय से हम बैठे हैं, थोड़ा समय दीजिए।

महोदय,, आज वहाँ पर कोई व्यवस्था नहीं है और लोग परेशान हैं। ऐसी परिस्थिति में केन्द्र सरकार राज्य सरकार को निर्देश दे। वहाँ पर पीने के पानी की व्यवस्था नहीं है। वहाँ पर छत गिर गई है और हर तरह से वहाँ पर कोई व्यवस्था नहीं हो पा रही है। ऐसी परिस्थिति में हमने खुद जाकर वहाँ राज्य सरकार से भी कहा, पर कोई कार्रवाई नहीं हो रही है। ...(व्यवधान)